एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। प्रस्तुतीकरण श्री प्रशांत कुमार जैन, डायरेक्टर, मेसर्स पारस पावर एण्ड कोल बेनिफिकेशन लिमिटेड, जिला–बिलासपुर द्वारा किया गया। उद्योग के सलाहकार मेसर्स पायोनियर इन्वायरो लेबोरेट्रीज एण्ड कन्सलटेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से श्री सुधीर सिंह उपस्थित थे। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत भूमि स्वामित्व दस्तावेज / जानकारी के अनुसार केवल 2.5 एकड़ भूमि अधिपत्य में है। परियोजना के लिये प्रस्तावित संपूर्ण भूमि का अधिपत्य नहीं है। साथ ही इस क्षमता का वॉशरी की स्थापना हेतु प्रस्तावित 10 एकड़ भूमि कम प्रतीत होती है। समिति द्वारा विचार विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को पर्याप्त क्षेत्रफल की भूमि के स्वामित्व दस्तावेज / भूमि क्रय करने हेतु अनुबंध की प्रति के साथ पुनरिक्षित आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जावे।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जावे।

13. सरपंच, ग्राम पंचायत करेली (छोटी), ग्राम– करेली (छोटी), तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी (25)

- **ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति दिनांक** – यह आवेदन संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़, रायपुर के पत्र कमांक 5487/ख.नि.–2/रेत (ईसी)/न.क.38/1996 नया रायपुर, दिनांक 06/10/2015 के द्वारा अग्रेषित किया गया है एवं ऑनलाईन प्राप्त हुआ है।
- **प्रपोजल नं.** – एसआईए/सीजी/एमआईएन/31369/2015
- **खदान का नाम** – ग्राम पंचायत करेली (छोटी), ग्राम–करेली (छोटी), तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी
- **खदान का प्रकार** – रेत खदान (गौण खनिज)
- **खदान स्थल** – खसरा नं. 410 का भाग, ग्राम–करेली (छोटी), तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी, कुल लीज क्षेत्र 6.0 हेक्टेयर
- **नदी का नाम–** महानदी
- **खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–**50,000 घनमीटर /वर्ष

- **प्रस्तावित खदान अथवा पूर्व से संचालित खदान–** नई खदान
- **आवेदन अनुसार समीपस्थ आबादी /शैक्षणिक संस्था आदि** – समीपस्थ आबादी ग्राम– सेलद्वीप 850 मीटर, शैक्षणिक संस्था 900 मीटर एवं अस्पताल ग्राम–मेघा 3500 मीटर की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 9000 मीटर की दूरी पर है।
- **माईनिंग प्लान अनुमोदनकर्ता अधिकारी** – श्रीमती प्राची अवस्थी, उपसंचालक, खनि. प्रशा., संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, रायपुर
- **100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित क्षेत्र के संबंध में जानकारी** – कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रस्तावित रेत खदान की 100 मीटर की परिधि में कोई पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्राकृतिक जल स्त्रोत, बांध या जल परिबद्ध करने वाली संरचना औथवा अन्य कोई प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।
- **10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित होने संबंधी जानकारी–** 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना बताया गया है।
- **क्लस्टर के संबंध में जानकारी** – कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रस्तावित रेत खदान से 1000 मीटर के भीतर अन्य 02 रेत खदान क्रमशः सेलद्वीप रकबा – 5.6 हेक्टेयर एवं नवीन जोरातराई रकबा – 7.05 हेक्टेयर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल–12.65 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 1000 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित रेत खदानों का कुल क्षेत्रफल 25 हेक्टेयर से कम होने के कारण क्लस्टर निर्मित नहीं हो रहा है। फलस्वरूप यह रेत खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।
- **ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र बाबत जानकारी** – ग्राम पंचायत करेली (छोटी), का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
- **आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई** – 5.0 मीटर
- **आवेदन अनुसार रेत खनन की प्रस्तावित गहराई** – 3.0 मीटर
- **आवेदन अनुसार खनन स्थल की चौड़ाई** – 140 मीटर
- **आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई** – 430 मीटर
- **आवेदन अनुसार उपलब्ध रेत की मात्रा** – 1,80,000 घनमीटर
  सिल्टेशन स्टडी संबंधी जानकारी – अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किये जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुर्नभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेष नहीं किया गया है। समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि गाद अध्ययन (सिल्टेशन स्टडी) कराया जावे ताकि रेत के पुर्नभरण (रिप्लेनिशमेंट) बाबत् सही आंकड़े प्राप्त हो सके, जिससे रेत खदान की सही क्षमता का आंकलन किया जा सके।

एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। प्रस्तुतीकरण के लिए श्री विष्णु कुमार साहू, सरपंच एवं श्री ओम प्रकाश साहू, सचिव, ग्राम पंचायत करेली (छोटी) उपस्थित थे। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा 3.0

मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। महानदी बड़ी नदी है, अतः वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुर्नभराव होने की संभावना है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से खसरा नं. 410 का भाग, कुल लीज क्षेत्र 6.0 हेक्टेयर, ग्राम–करेली (छोटी), तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी (छ.ग.) में रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुये कुल 50,000 घनमीटर /वर्ष हेतु **संलग्न–12** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिये जाने की अनुशंसा की गई।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जावे।

14. सरपंच, ग्राम पंचायत मउ, ग्राम–मउ, तहसील व जिला–बेमेतरा (26)

- **ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति दिनांक** – यह आवेदन संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़, रायपुर के पत्र क्रमांक 5487/ख.नि.–2/रेत (ईसी)/न. क्र.38/1996 नया रायपुर, दिनांक 06/10/2015 के द्वारा अग्रेषित किया गया है एवं ऑनलाईन प्राप्त हुआ है।
- **प्रपोजल नं.**– एसआईए/सीजी/एमआईएन/31395/2015
- **खदान का नाम** – ग्राम–मउ, तहसील व जिला–बेमेतरा
- **खदान का प्रकार** – रेत खदान (गौण खनिज)
- **खदान स्थल** – खसरा नं. 3229, ग्राम–मउ, तहसील व जिला–बेमेतरा, कुल लीज क्षेत्र 22.14 हेक्टेयर
- **नदी का नाम** – शिवनाथ नदी
- **खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता** – 1,50,000 घनमीटर/वर्ष
- **प्रस्तावित खदान अथवा पूर्व से संचालित खदान** – नई खदान
- **आवेदन अनुसार समीपस्थ आबादी /शैक्षणिक संस्था आदि** – समीपस्थ आबादी 30 किलोमीटर बेमेतरा में स्थित है। निकटतम शैक्षणिक संस्था 500 मीटर ग्राम–मउ में स्थित है। राष्ट्रीय राज मार्ग एवं राज्य मार्ग 30 किलोमीटर की दूरी में स्थित है।
- **माईनिंग प्लान अनुमोदनकर्ता अधिकारी** – श्रीमती प्राची अवस्थी, उपसंचालक, खनि. प्रशा., संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, रायपुर छत्तीसगढ़।
- **100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित क्षेत्र के संबंध में जानकारी** – कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रस्तावित रेत खदान की 100 मीटर की परिधि में कोई पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्राकृतिक जल स्त्रोत, बांध या जल परिबद्ध करने वाली संरचना अथवा अन्य कोई प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।
- **10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित होने संबंधी जानकारी** – 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना बताया गया है।
- **क्लस्टर के संबंध में जानकारी** – कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदित रेत खदान से 1000 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है। खदान की सीमा से 1000 मीटर की परिधि में

स्वीकृत/संचालित रेत खदानों का कुल क्षेत्रफल 25 हेक्टेयर से कम होने के कारण क्लस्टर निर्मित नहीं हो रहा है। फलस्वरूप यह रेत खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

- **ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र बाबत जानकारी** – ग्राम पंचायत मऊ का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
- **आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई** – 5.0 मीटर
- **आवेदन अनुसार रेत खनन की प्रस्तावित गहराई** – 3.0 मीटर
- **आवेदन अनुसार खनन स्थल की चौड़ाई** – 105 मीटर
- **आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई** – 115 मीटर
- **आवेदन अनुसार उपलब्ध रेत की मात्रा** – 6,64,200 घनमीटर
- **सिल्टेशन स्टडी संबंधी जानकारी** – अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किये जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुर्नभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि गाद अध्ययन (सिल्टेशन स्टडी) कराया जावे ताकि रेत के पुर्नभरण (रिप्लेनिशमेंट) बाबत् सही आंकड़े प्राप्त हो सके, जिससे रेत खदान की सही क्षमता का आंकलन किया जा सके।

एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। प्रस्तुतीकरण के लिए श्रीमती लछनी सोनवानी, सरपंच एवं श्री हिम्मत राव, पंच ग्राम पंचायत मउ उपस्थित थे। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि 13 किलोमीटर एवं 05 किलोमीटर की दूरी में स्टॉप डेम बना है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा 3.0 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। शिवनाथ नदी बड़ी नदी है, अतः वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुर्नभराव होने की संभावना है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से खसरा नं. 3229, कुल लीज क्षेत्र 22.14 हेक्टेयर, ग्राम–मउ, तहसील व जिला–बेमेतरा (छ.ग.) के रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुये कुल 1,50,000 घन मीटर/वर्ष हेतु **संलग्न–13** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिये जाने की अनुशंसा की गई।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जावे।

15. मेसर्स चंद्रहासनी इस्पात प्राईवेट लिमिटेड (बिलेट्स एण्ड टी.एम.टी. डिविजन) ग्राम–गेरवानी, तहसील व जिला–रायगढ़ (2150)

- **आवेदन प्राप्ति दिनांक** – आवेदन दिनांक 20/08/2015 को प्राप्त हुआ है।
- **उद्योग का नाम** – मेसर्स चंद्रहासनी इस्पात प्राईवेट लिमिटेड (बिलेट एण्ड टी. एम.टी. डिविजन)
- **उद्योग का प्रकार** – सेकेण्ड्री मेटालर्जिकल इण्डस्ट्रीज
- **उद्योग स्थल** – ग्राम–गेरवानी, तहसील व जिला–रायगढ़
- **खसरा नं.** – प्लाट नं. 4/4 एवं 4/5
- **भूमि का क्षेत्रफल** – कुल क्षेत्र 8.45 एकड़
- **उद्योग की कुल लागत** – रूपये 4770.00 लाख है।

- **उद्योग की आवेदित उत्पादन क्षमता**– माईल्ड स्टील बिलेट उत्पादन क्षमता– 1,32000 टन/वर्ष एवं रि–रोलेड स्टील प्रोडक्ट (टी.एम.टी. बार)–1,18000 टन/वर्ष
- **जल उपयोग की मात्रा** – कुल जल की खपत 95 के.एल.डी. होगा, जिसमें से 90 के.एल.डी. औद्योगिक एवं 5 के.एल.डी. घरेलू उपयोग के लिये प्रस्तावित है। जल का स्त्रोत बोरवेल है। औद्योगिक जल का उपयोग केवल कुलिंग हेतु किया जावेगा।
- **रॉ–मटेरियल की आवश्यकता एवं परिवहन की साधन**– स्पंज आयरन 138947 एमटीपीए, सी.आई./पिग आयरन हैवी स्क्रेप 19800 एमटीपीए, फेरो एलायज 1320 एमटीपीए, पेट कोक 3300 एमटीपीए, एवं हॉट मेटल 132000 एमटीपीए ट्रकों में भरकर सड़क के रास्ते परिवहन किया जायेगा।
- **10 कि.मी. परिधि की जानकारी** – केलो नदी 3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, केलो डेम 6 कि.मी. एवं राष्ट्रीय मार्ग कमांक 01 लगभग 0.8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।
- **समीपस्थ आबादी/अस्पताल/रेल्वे स्टेशन आदि** – निकटतम रेल्वे स्टेशन रायगढ़ 11 कि.मी., निकटतम शहर रायगढ़ 11 कि.मी. है। समीपस्थ राज्य उड़िसा लगभग 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।
- **संरक्षित वन क्षेत्र** – खारीडोंगरी पी.एफ– 1.9 कि.मी. (ई.), बरकछार आर. एफ–1.4 कि.मी.(ई.एन.ई.), उर्दना आर.एफ–3.7 कि.मी.(एस.डब्ल्यू.), लमीडरही पी.एफ–8.9 कि.मी.(एस.एस.ई.), लखा पी.एफ–1.1 कि.मी.(एस.) बताया गया है।
- **प्रस्तावित उद्योग अथवा पूर्व से संचालित उद्योग** – नया उद्योग
- **ठोस अपशिष्टों की अपवहन व्यवस्था** – ठोस अपशिष्ट के रूप में उत्पन्न मिल स्केल /स्लेग – 6600 टन /वर्ष उत्पन्न होगा। मिल स्केल को फैरो एलॉयस प्लांट को विक्रय किया जायेगा। स्लेग काउपयोग लो–लाईंग एरिया फिलिंग, सड़क निर्माण आदि में किया जावेगा।
- **प्रदुषण नियंत्रण के उपाय** – इन्डक्शन फर्नेस से उत्पन्न डस्ट के नियंत्रण के लिए बैग फिल्टर लगाया जायेगा। सभी ट्रान्सफर बिन्दुओं पर डस्ट कलेक्टर स्थापित किया जावेगा। रोड में पानी का छिड़काव आदि किया जाना प्रस्तावित है।
- **एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय का संक्षिप्त विवरण** – प्रकरण पर एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 165वीं बैठक दिनांक 14/09/2015 में विचार किया गया। समिति द्वारा तत्समय निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया जावे। परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 01/10/2015 के द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रस्तुतीकरण के लिए श्री संजीव कुमार उपाध्याय, डायरेक्टर उपस्थित थे। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। विचार विमर्श उपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रकरण बी–1 केटेगरी होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ईआईए नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 3(ए) मेटालर्जिकल

इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन फेरस) हेतु निर्धारित टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) लोक सुनवाई सहित जारी करने की अनुशंसा की गई।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जावे।

16. मेसर्स पथरिया लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड (लीज–I), ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (786)

- **आवेदन प्राप्ति दिनांक** – दिनांक 19/08/2013
- **खदान का नाम** – मेसर्स पथरिया लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड (लीज–I), ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग
- **खदान का प्रकार** – लाईम स्टोन माईन
- **प्रस्तावित खदान अथवा पूर्व से संचालित खदान** – पूर्व से संचालित
- **खदान स्थल** – कुल लीज 36.001 हेक्टेयर, ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग
- **खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता** – चूना पत्थर उत्खनन क्षमता–0.6 मिलियन टन/वर्ष से 0.84 मिलियन टन/वर्ष
- **खदान का विनियोग** – रूपये 15.0 करोड़ (लीज–I एवं लीज–II)
- **आवेदन अनुसार समीपस्थ आबादी / शैक्षणिक संस्था आदि** – समीपस्थ आबादी दुर्ग–भिलाई 22 किलोमीटर में स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–06 (मुम्बई से कोलकत्ता) 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रेल्वे स्टेशन की दूरी 24 किलोमीटर दुर्ग में है। समीपस्थ नदियों में शिवनाथ नदी 3.2 किलोमीटर, आमनेर नदी 6.0 किलोमीटर एवं तांदुला नदी 4.0 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।
- **समीपस्थ खदान** – मेसर्स पथरिया लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड (लीज–II) 0.9 किलोमीटर एवं मेसर्स नंदिनी–खुंदिनी लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड 1.8 किलोमीटर में स्थित है।
- **उत्खनन की विधि** – खदान में लाईम स्टोन के उत्खनन हेतु ओपन कॉस्ट मेकेनाइज्ड, ड्रीलिंग हेतु डीप होल ट्रैक टायर ड्रील मशीन एवं ब्लास्टिंग हेतु नोनल का उपयोग किया जावेगा।
- **पिट, बेंच एवं सीम की संख्या** – 01 पीट, 08 बेंच एवं 01 सीम
- **लीज क्षेत्र में उपलब्ध चूना पत्थर की मात्रा** – 29.82 मिलियन टन
- **ग्राउन्ड वाटर लेबल** – 254 मीटर
- **ग्राउन्ड लेबल** – 274 मीटर (एम.एस.एल)
- **अल्टीमेंट वर्किंग डेप्ट** – 194 मीटर
- **टॉप सॉइल की मोटाई** – 0.1 मीटर से 0.4 मीटर
- **10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित होने संबंधी जानकारी**– 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना बताया गया है।

- **जल उपयोग की मात्रा** – घरेलू 2.0 किलोलीटर/दिन एवं डस्ट सप्रेशन 6.0 किलोलीटर/दिन, ग्रीनरी डेव्हलपमेंट 2.0 किलोलीटर/दिन एवं वर्कशाप (ऑयल सेप्रेटर/सप्रेशन टैंक) 2.0 किलोलीटर/दिन। माईन वाटर का पुर्नउपयोग सिंचाई, ग्रीन बेल्ट, डस्ट सप्रेशन आदि के लिये किया जायेगा।
- **ग्रीन बेल्ट व्यवस्था–** कुल क्षेत्रफल के 1.8 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जायेगा।
- रेनवाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना किया जायेगा।
- परियोजना से परिवेशीय वायु गुणवत्ता में निम्नानुसार संभावित प्रभाव पड़ना बताया गया है:–

प्रदूषक	वर्तमान परिवेशीय वायु गुणवत्ता (माईक्रोग्रम / घनमीटर)	परियोजना से संभावित वृद्धि (माईक्रोग्रम /घनमीटर)	कुल (माईक्रोग्रम /घनमीटर)
पीएम$_{10}$	79	4.4	83.4

- **टीओआर जारी** – दिनांक 18/03/2014
- **लोक सुनवाई दिनांक एवं स्थल** – लोक सुनवाई दिनांक 13/03/2015 को माध्यमिक शाला के सामने खेल मैदान, ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग में आयोजित की गई।

जन सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव / विचार प्रस्तुत किये गये हैं:–

1. स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने बाबत्।
2. उद्योग द्वारा वायु, जल, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में।
3. क्षेत्रीय सामुदायिक विकास के संबंध में।
4. औद्योगिक दुर्घटना नियंत्रण एवं ट्रको को व्यवस्थित खड़ा करने बाबत्।
5. उद्योग प्रभावित क्षेत्र में वृक्षारोपण कराए।
6. उद्योग द्वारा कुछ जगह में हैण्ड पम्प/बोर स्थापित करने के संबंध में।
7. उद्योग द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करने के संबंध में।
8. उद्योग द्वारा गली/सड़क का सीमेंटीकरण कराया जाये।
9. उद्योग द्वारा तालाब का गहरीकरण कराया जाये।
10. उद्योग द्वारा इलाज की व्यवस्था की जाये।

उद्योग द्वारा बताया गया है कि प्रभावित उद्योग के सापेक्ष प्रभावित ग्रामों के नवयुवकों / शिक्षित बेरोजगारों को संयंत्र में उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी अथवा रोजगार उपलब्ध कराते हुए स्थानीय लोगों को ही प्राथमिकता दी जायेगी। उद्योग द्वारा वायु, जल, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए उद्योग द्वारा उच्च तकनीक के उपकरण लगाए जाएंगे जिसमें वायु, जल, ध्वनि का प्रदूषण नियंत्रित रह सके।

- **फाईनल ईआईए रिपोर्ट** – पत्र दिनांक 03/09/2015 के द्वारा फाईनल ईआईए रिपोर्ट के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

- **प्रदूषण नियंत्रण हेतु उपाय** – ड्रिलिंग व्यवस्था, कन्ट्रोल ब्लास्टिंग प्रकिया का उपयोग किया जायेगा, वाहनों का उचित रख–रखाव, हाल रोड एवं लोडेड माल पर जल का छिड़काव, ओवर लोडेड माल का परिवहन नहीं किया जायेगा एवं पर्याप्त मात्रा में वृक्षारोपण किया जाना, दूषित जल का ट्रिटमेंट किया जायेगा।
- **एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय का संक्षिप्त विवरण** – एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 111वीं बैठक तथा 126वीं बैठक क्रमशः दिनांक 07/09/2013 एवं दिनांक 15/01/2014 में प्रकरण पर विचार किया गया। परियोजना प्रस्तावक को पत्र दिनांक 18/03/2014 के माध्यम से टीओआर जारी किया गया। एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 165वीं बैठक दिनांक 14/09/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। समिति द्वारा तत्समय निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया जावें। एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 01/10/2015 के द्वारा परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया गया।

एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। प्रस्तुतीकरण के लिए डा. जे.के. मोइत्रा, डायरेक्टर, ई.एम.टी.आर.सी. कन्सलटेंट प्राईवेट लिमिटेड, दिल्ली (कन्सलटेंट) एवं श्री एच.एस. राठौर, प्लांट जनरल मैनेजर, एसीसी लिमिटेड, जामूल जिला–दुर्ग उपस्थित थे। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि पूर्व में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 22/10/2009 के शर्तों के अनुपालन एवं अनुवीक्षण प्रतिवेदन (मॉनिटरिंग रिपोर्ट) क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पश्चिम मध्य क्षेत्र भोपाल के द्वारा प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार पर्यावरणीय सुरक्षा संबंधी उपाय के कियान्यवयन प्रगति पर होना बताया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत नहीं की गई है। विचार विमर्श उपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत करने के उपरांत प्रकरण पर आगामी कार्यवाही किया जावे।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जावे।

17. मेसर्स पथरिया लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड (लीज–II), ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (785)

- **आवेदन प्राप्ति दिनांक** – दिनांक 19/08/2013।
- **खदान का नाम** – मेसर्स पथरिया लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड (लीज–II), ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग
- **खदान का प्रकार** – लाईम स्टोन माईन
- **प्रस्तावित खदान अथवा पूर्व से संचालित खदान** – पूर्व से संचालित
- **खदान स्थल** – कुल लीज 37.85 हेक्टेयर, ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग
- **खदान का विनियोग** – रूपये 15.0 करोड (लीज–I एवं लीज–II)
- **आवेदन अनुसार समीपस्थ आबादी / शैक्षणिक संस्था आदि** – समीपस्थ आबादी दुर्ग–भिलाई 22 किलोमीटर में स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग कमांक–06 (मुम्बई से कोलकत्ता) 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रेल्वे स्टेशन की दूरी 24 किलोमीटर दुर्ग में है। समीपस्थ नदियों में शिवनाथ नदी 2.7

किलोमीटर, आमनेर नदी 6.0 किलोमीटर एवं तांदुला नदी 4.7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

- **समीपस्थ खदान** – मेसर्स पथरिया लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड (लीज–I) 0.9 किलोमीटर एवं मेसर्स नंदिनी–खुंदिनी लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड 0.9 किलोमीटर में स्थित है।
- **खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता** – चूना पत्थर उत्खनन क्षमता–0.6 मिलियन टन/वर्ष से 0.84 मिलियन टन/वर्ष
- **उत्खनन की विधि** – खदान में लाईम स्टोन के उत्खनन हेतु ओपन कॉस्ट मेकेनाइज्ड, ड्रीलिंग हेतु डीप होल ट्रैक टायर ड्रील मशीन एवं ब्लास्टिंग हेतु नोनल का उपयोग किया जावेगा।
- **पिट, बेंच एवं सीम की संख्या** – 01 पीट, 11 से 12 बेंच एवं 01 सीम
- **लीज क्षेत्र में उपलब्ध चूना पत्थर की मात्रा** – 43.34 मिलियन टन
- **ग्राउन्ड वाटर लेबल** – 254 मीटर
- **ग्राउन्ड लेबल** – 281 मीटर (एम.एस.एल)
- **अल्टीमेंट वर्किंग डेप्ट** – 194 मीटर
- **टॉप सॉइल की मोटाई** – 0.1 मीटर से 0.3 मीटर
- **10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित होने संबंधी जानकारी**– 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना बताया गया है।
- **जल उपयोग की मात्रा** – डस्ट सप्रेशन 6.0 किलोलीटर/दिन एवं ग्रीनरी डेव्हलपमेंट 2.0 किलोलीटर/दिन। माईन वाटर का पुर्नउपयोग सिंचाई, ग्रीन बेल्ट, डस्ट सप्रेशन आदि के लिये किया जायेगा।
- **ग्रीन बेल्ट व्यवस्था**– कुल क्षेत्रफल के 3.1 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जायेगा।
- रेनवाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना किया जायेगा।
- परियोजना से परिवेशीय वायु गुणवत्ता में निम्नानुसार संभावित प्रभाव पड़ना बताया गया है:–

प्रदूषक	वर्तमान परिवेशीय वायु गुणवत्ता (माईक्रोग्रम / घनमीटर)	परियोजना से संभावित वृद्धि (माईक्रोग्रम /घनमीटर)	कुल (माईक्रोग्रम /घनमीटर)
पीएम$_{10}$	79	4.4	83.4

- **टीओआर जारी** – दिनांक 18/03/2014
- **लोक सुनवाई दिनांक एवं स्थल** – लोक सुनवाई दिनांक 16/03/2015 को माध्यमिक शाला के सामने खेल मैदान, ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग में आयोजित की गई।

जन सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव / विचार प्रस्तुत किये गये हैं:–

1. स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने बाबत्।
2. उद्योग द्वारा वायु, जल, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में।
3. क्षेत्रीय सामुदायिक विकास के संबंध में।
4. औद्योगिक दुर्घटना नियंत्रण एवं ट्रको को व्यवस्थित खड़ा करने बाबत्।
5. उद्योग प्रभावित क्षेत्र में वृक्षारोपण कराए।
6. उद्योग द्वारा कुछ जगह में हैण्ड पम्प/बोर स्थापित करने के संबंध में।
7. उद्योग द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करने के संबंध में।
8. उद्योग द्वारा गली/सड़क का सीमेंटीकरण कराया जाये।
9. उद्योग द्वारा तालाब का गहरीकरण कराया जाये।
10. उद्योग द्वारा इलाज की व्यवस्था की जाये।

उद्योग द्वारा बताया गया है कि प्रभावित उद्योग के सापेक्ष प्रभावित ग्रामों के नवयुवकों / शिक्षित बेरोजगारों को संयंत्र में उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी अथवा रोजगार उपलब्ध कराते हुए स्थानीय लोगों को ही प्राथमिकता दी जायेगी। उद्योग द्वारा वायु, जल, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए उद्योग द्वारा उच्च तकनीक के उपकरण लगाए जाएंगे जिसमें वायु, जल, ध्वनि का प्रदूषण नियंत्रित रह सके।

- **फाईनल ईआईए रिपोर्ट** – पत्र दिनांक 03/09/2015 के द्वारा फाईनल ईआईए रिपोर्ट के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
- **प्रदूषण नियंत्रण हेतु उपाय** – ड्रिलिंग व्यवस्था, कन्ट्रोल ब्लास्टिंग प्रकिया का उपयोग किया जायेगा, वाहनों का उचित रख–रखाव, हाल रोड एवं लोडेड माल पर जल का छिड़काव, ओवर लोडेड माल का परिवहन नहीं किया जायेगा एवं पर्याप्त मात्रा में वृक्षारोपण किया जाना, दूषित जल का ट्रिटमेंट किया जायेगा।
- **एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय का संक्षिप्त विवरण** – एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 111वीं बैठक तथा 126वीं बैठक क्रमशः दिनांक 07/09/2013 एवं दिनांक 15/01/2014 में प्रकरण पर विचार किया गया। परियोजना प्रस्तावक को पत्र दिनांक 18/03/2014 के माध्यम से टीओआर जारी किया गया। एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 165वीं बैठक दिनांक 14/09/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया जावें एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 01/10/2015 के द्वारा परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया गया।

एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। प्रस्तुतीकरण के लिए डा. जे.के. मोइत्रा, डायरेक्टर, ई.एम.टी.आर.सी. कन्सलटेंट प्राईवेट लिमिटेड, दिल्ली (कन्सलटेंट) एवं श्री एच.एस.राठौर, प्लांट जनरल मैनेजर, एसीसी लिमिटेड, जामूल जिला–दुर्ग उपस्थित थे। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि पूर्व में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 21/10/2009 के शर्तों के अनुपालन एवं अनुवीक्षण प्रतिवेदन (मॉनिटरिंग रिपोर्ट) क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पश्चिम मध्य क्षेत्र भोपाल के द्वारा प्रस्तुत की गई है। उक्त

प्रतिवेदन के अनुसार पर्यावरणीय सुरक्षा संबंधी उपाय के कियान्यवयन प्रगति पर होना बताया गया है। भारतीय खान ब्युरो, नागपुर द्वारा स्कीम ऑफ माईनिंग तथा प्रोग्रेसिव माईन क्लोजर प्लान दिनांक 04/10/2013 को अनुमोदित की गई है, जिसमें वर्षवार उत्खनन निम्नानुसार होना बताया गया है:–

वर्ष	उत्पादन (लाख टन)
2013–14	0.5
2014–15	0.54
2015–16	8.4
2016–17	8.4
2017–18	8.4

विचार विमर्श उपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से कुल लीज 37.85 हेक्टेयर, पथरिया लाईम स्टोन माईन ऑफ ए.सी.सी. लिमिटेड (लीज–II), ग्राम–पथरिया, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग को चूना पत्थर उत्खनन क्षमता–0.6 मिलियन टन/वर्ष से बढ़ाकर 0.84 मिलियन टन/वर्ष हेतु **संलग्न–14** में वर्णित शर्तों के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा की गई।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जावे।

ऐजेन्डा आईटम नं.–3: गौण खनिज खदानों के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पूर्व में समिति द्वारा विचार किये जाने के उपरांत वांछित जानकारी प्रस्तुत किये गये प्रकरणों पर विचार कर निर्णय लिया जाना।

1. **सरपंच ग्राम पंचायत सिगारपुर, ग्राम–मेढ़ा, तहसील व जिला–राजनांदगांव (1772)**

- **आवेदन प्राप्ति दिनांक** – यह आवेदन संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़, रायपुर के पत्र कमांक 5008/ख.नि.–2/न.क./2014 रायपुर, दिनांक 22/12/2014 के द्वारा दिनांक 23/12/2014 को प्राप्त हुआ है।
- **खदान का नाम** – ग्राम–मेढ़ा, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव
- **खदान का प्रकार** – रेत खदान (गौण खनिज)
- **खदान स्थल** – खसरा नं. 395, ग्राम–मेढ़ा, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव, कुल लीज क्षेत्र 8.70 हेक्टेयर
- **नदी का नाम** – शिवनाथ नदी
- **खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता** – 50,000 घनमीटर/वर्ष
- **प्रस्तावित खदान अथवा पूर्व से संचालित खदान**– नई खदान
- **आवेदन अनुसार समीपस्थ आबादी /शैक्षणिक संस्था आदि** – समीपस्थ अबादी 2.0 किलोमीटर ग्राम–सिंगारपुर में स्थित है। शैक्षणिक संस्थान एवं धार्मिक स्थल 2.0 किलोमीटर ग्राम–सिंगारपुर एवं अस्पताल 3.0 किलोमीटर ग्राम–अर्जुनी में स्थित है।
- **माईनिंग प्लान अनुमोदनकर्ता अधिकारी** – श्रीमती प्राची अवस्थी, उपसंचालक, खनि. प्रशा., संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, रायपुर छत्तीसगढ़।
- **100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित क्षेत्र के संबंध में जानकारी** – कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रस्तावित रेत खदान की 100 मीटर की परिधि में कोई पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्राकृतिक जल स्त्रोत, बांध

या जल परिबद्ध करने वाली संरचना अथवा अन्य कोई प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

- **10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित होने संबंधी जानकारी**– 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना बताया गया है।
- **क्लस्टर के संबंध में जानकारी** – कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला–राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदित रेत खदान से 1000 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य रेत खदान ग्राम–सोनेसरार, ग्राम पंचायत सोनेसरार, कुल रकबा 9.308 हेक्टेयर, आवेदित रेत खदान से लगभग 700 मीटर की दूरी में स्थित है। खदान की सीमा से 1000 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित रेत खदानों का कुल क्षेत्रफल 25 हेक्टेयर से कम होने के कारण क्लस्टर निर्मित नहीं हो रहा है। फलस्वरूप यह रेत खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।
- **ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र बाबत जानकारी** – ग्राम पंचायत सिंगारपुर का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
- **आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई** – 5.0 मीटर
- **आवेदन अनुसार रेत खनन की प्रस्तावित गहराई** – 2.0 मीटर
- **आवेदन अनुसार खनन स्थल की चौड़ाई** – औसत 90 मीटर
- **आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई** – औसत 180 मीटर
- **आवेदन अनुसार उपलब्ध रेत की मात्रा** – 2,03,280 घनमीटर
- **सिल्टेशन स्टडी संबंधी जानकारी** – अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किये जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुर्नभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि गाद अध्ययन (सिल्टेशन स्टडी) कराया जावे ताकि रेत के पुर्नभरण (रिप्लेनिशमेंट) बाबत् सही आंकड़े प्राप्त हो सके, जिससे रेत खदान की सही क्षमता का आंकलन किया जा सके।
- **अन्य संबंधित जानकारी** – आवेदित रेत खदान क्षेत्र की सीमा की परिधि से 500 मीटर के भीतर अन्य गौण खनिज खदान स्वीकृत/संचालित नहीं है।
- **एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय का संक्षिप्त विवरण** – एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के 46वीं बैठक दिनांक 06/05/2015 निर्णय के अनुसार पत्र दिनांक 15/05/2015 के तारतम्य में नये नियम के तहत आवेदन दिनांक 29/05/2015 को प्रस्तुत किया गया एवं प्रकरण पर एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 157वीं बैठक दिनांक 09/07/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 27/07/2015 के माध्यम से परियोजना प्रस्तावक को समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया एवं एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 160वीं बैठक दिनांक 30/07/2015 में लिये गये निर्णय अनुसार कलेक्टर, जिला–राजनांदगांव के हस्ताक्षर से जारी किये गये संशोधित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने हेतु परियोजना

प्रस्तावक को दिनांक 07/09/2015 को निर्देशित किया गया। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 01/10/2015 को जानकारी प्रस्तुत की गई।

एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2.0 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। शिवनाथ नदी बड़ी नदी है, अतः वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुर्नभराव होने की संभावना है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से खसरा नं. 395, कुल लीज क्षेत्र 8.70 हेक्टेयर, ग्राम–मेढ़ा, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.) के रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुये कुल 50,000 घनमीटर/वर्ष हेतु **संलग्न–15** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिये जाने की अनुशंसा की गई।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जावे।

2. मेसर्स तिरूपति बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–डांडिया, तहसील–मरवाही, जिला–बिलासपुर (1412)

परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 05/04/2014 को खसरा नं. 538/1के, कुल लीज क्षेत्र 3.0 हेक्टेयर, ग्राम–डांडिया, तहसील–मरवाही, जिला–बिलासपुर में पत्थर (गिट्टी) (गौण खनिज) उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिये प्रारूप–1 एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया था। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–12,000 घनमीटर/वर्ष है। यह एक प्रस्तावित खदान है।

एस.ई.ए.सी., छ.ग. के 144वीं एवं 156वीं बैठक क्रमशः दिनांक 05/07/2014 एवं 22/05/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया था। एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 156वीं बैठक दिनांक 22/05/2015 के तारतम्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 06/06/2015 को अनुमोदित उत्खनन योजना प्रस्तुत की गई।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 157वीं बैठक दिनांक 09/07/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया था। समिति द्वारा तत्समय निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को यह सूचित किया जावे कि अनुमोदित उत्खनन योजना में कमियों को सुधार करते हुये छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार उत्खनन योजना तैयार कर विधिवत अनुमोदित कराकर प्रस्तुत किया जावे। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक 2237 दिनांक 07/08/2015 के द्वारा सूचित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी पत्र दिनांक 19/08/2015 के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 163वीं बैठक दिनांक 26/08/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। समिति द्वारा तत्समय निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को सभी सुसंगत जानकारी /दस्तावेज तथा स्थल के वर्तमान फोटोग्राफ्स के साथ प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया जावे। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 10/09/2015 के द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 167वीं बैठक दिनांक 16/09/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। प्रस्तुतीकरण श्री सत्यनारायण शर्मा, मैनेजर, मेसर्स तिरूपति बिल्डाकॉन प्राईवेट लिमिटेड जिला–बिलासपुर एवं आरक्यूपी डॉ. राकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। समिति द्वारा तत्समय नोट किया गया कि उत्खनन योजना को उपसंचालक (ख.प्रशा.) बिलासपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 579/खनि./सा.प./एम.पी.क्र–2/2015 बिलासपुर दिनांक 04/06/2015

के द्वारा मेसर्स तिरूपति बिल्डाकॉन प्राईवेट लिमिटेड (श्री पदम कुमार सिंघानिया) के नाम से अनुमोदित किया गया है। समीपस्थ आबादी ग्राम डांडिया 0.60 कि.मी. दूर तथा शैक्षणिक संस्थान एवं हास्पिटल लगभग 11 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। मरवाही रेलवे स्टेशन 30 कि.मी. दूर है। खदान शासकीय भूमि में है। 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना बताया गया है। जल का स्त्रोत मुख्यतः कुआं एवं माईन वाटर है। जल स्त्रोत (कुएं) की गहराई 20 से 25 मीटर है। वर्षाकाल में जलस्तर में 03 मीटर की बढ़ोतरी होती है। इस स्थल पर पूर्व में उत्खनन हेतु अस्थायी अनुज्ञा जारी किया गया था। फलस्वरूप कुल 10,784 वर्गमीटर भूमि में उत्खनन होना बताया गया है। उत्खनन की वर्तमान गहराई 6.0 मीटर है। माईनेबल रिजर्व 1,89,839 घनमीटर एवं जियोलॉजिकल रिजर्व 4,50,000 घनमीटर है। बेंच की ऊंचाई 3.0 मीटर तथा चौड़ाई 3.0 मीटर बताई गई है। खदान की अधिकतम गहराई 15.0 मीटर बताई गई है। पत्थर (गिट्टी) उत्खनन हेतु ब्लास्टिंग किया जावेगा। पत्थर का उपयोग मुख्यतः शासकीय सड़क निर्माण में किया जायेगा। ग्राम पंचायत करहनी एवं वनमण्डलाधिकारी मरवाही, वनमण्डल पेण्ड्रारोड (छ.ग.) बिलासपुर का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) बिलासपुर के पत्र दिनांक 25/08/2015 के अनुसार 500 मीटर की परिधि में कोई भी स्वीकृत / संचालित खदान नहीं है।

समिति द्वारा तत्समय यह भी नोट किया गया कि उद्योग द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत आवेदन फार्म–1 में उत्खनन क्षमता–12,000 घनमीटर/वर्ष बताया गया था। प्रस्तुतीकरण के दौरान उत्खनन क्षमता– 47,880 घनमीटर/वर्ष बताया गया तथा साथ ही अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन क्षमता–47,880 घनमीटर/वर्ष बताया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान फार्म–1, प्री–फीजिबिलिटी रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेज में सुधार कर माईनिंग विभाग द्वारा जारी लेटर ऑफ इंडेन्ट (एलओआई) सहित दस्तावेज / जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु समय देने का अनुरोध किया गया।

समिति द्वारा तत्समय निर्णय लिया गया कि संशोधित फार्म–1, प्री–फिजिबिलिटी रिपोर्ट, पर्यावरणीय प्रबंधन योजना, बेंच की ऊंचाई एवं चौड़ाई का टेक्नीकल जस्टिफिकेशन, माईनिंग विभाग द्वारा जारी लेटर ऑफ इंडेन्ट (एलओआई) एवं अनुमोदित उत्खनन योजना में उल्लेख अनुसार खनिज के उत्खनन हेतु आवेदन परियोजना प्रस्तावक से प्राप्त होने पर प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किया जावे।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के 167वीं बैठक दिनांक 16/09/2015 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 26/09/2015 को वांछित जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि आवेदित खदान क्षेत्र की सीमा की परिधि से 500 मीटर के भीतर कोई अन्य खदान स्वीकृत/संचालित नहीं है। 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत / संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 25 हेक्टेयर से कम होने के कारण क्लस्टर निर्मित नहीं हो रहा है। अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से इसे बी–2 श्रेणी की मानी गयी। चुंकि माईनेबल रिजर्व 1,89,839 घनमीटर है तथा खदान की आयु 05 वर्ष बताई गई है। फलस्वरूप प्रतिवर्ष औसतन 37,000 घनमीटर उत्खनन किया जा सकता है। समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से खसरा नं. 538/1के, कुल लीज क्षेत्र 3.0 हेक्टेयर, ग्राम–डांडिया, तहसील–मरवाही, जिला–बिलासपुर में पत्थर (गिट्टी) उत्खनन क्षमता–37,000 मीट्रिक

टन/ वर्ष हेतु **संलग्न–16** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा की गई।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जावे।

3. मेसर्स तिरूपति बिल्डाकॉन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–मानिकपुर, तहसील–कोटा, जिला–बिलासपुर (1869)

परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 04/03/2015 को खसरा नं. 85 एवं पीएचएन–06, कुल लीज क्षेत्र 1.360 हेक्टेयर, ग्राम–मानिकपुर, तहसील–कोटा, जिला–बिलासपुर में पत्थर (गिट्टी) (गौण खनिज) उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिये प्रारूप–1 एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया था। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–40,000 घनमीटर/वर्ष है। यह एक प्रस्तावित खदान है।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ की 46वीं बैठक दिनांक 06/05/2015 को लिये गये निर्णय के अनुसार पत्र दिनांक 02/05/2015 के तारतम्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 05/06/2015 को अनुमोदित उत्खनन योजना के साथ आवेदन प्रेषित किया गया।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 157वीं बैठक दिनांक 09/07/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया था। समिति द्वारा तत्समय निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को यह सूचित किया जावे कि अनुमोदित उत्खनन योजना में कमियों को सुधार करते हुये छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार उत्खनन योजना तैयार कर विधिवत अनुमोदित कराकर प्रस्तुत किया जावे। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक 2243 दिनांक 07/08/2015 को सूचित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी पत्र दिनांक 19/08/2015 एवं 20/08/2015 के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 163वीं बैठक दिनांक 26/08/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। समिति द्वारा तत्समय निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को सभी सुसंगत जानकारी /दस्तावेज तथा स्थल के वर्तमान फोटोग्राफ्स के साथ प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया जावे। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 10/09/2015 के द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 167वीं बैठक दिनांक 16/09/2015 में प्रकरण पर चर्चा किया गया। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। प्रस्तुतीकरण श्री सत्यनारायण शर्मा, मैनेजर, मेसर्स तिरूपति बिल्डाकॉन प्राईवेट लिमिटेड जिला–बिलासपुर एवं आरक्यूपी डॉ. राकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि उत्खनन योजना को उपसंचालक (ख.प्रशा.) बिलासपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 578/खनि./सा.प./एम.पी.क्र–2/2015 बिलासपुर दिनांक 04/06/2015 के द्वारा मेसर्स तिरूपति बिल्डाकॉन प्राईवेट लिमिटेड (श्री पदम कुमार सिंघानिया) के नाम से अनुमोदित किया गया है। समीपस्थ आबादी ग्राम मानिकपुर 1.0 कि.मी. दूर है। राष्ट्रीय मार्ग एवं राज्यमार्ग 1.7 कि.मी. दूर बताया गया है एवं अस्पताल 5.0 कि.मी. दूर बताया गया है। 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित किटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना बताया गया है। जल का स्त्रोत मुख्यतः कुआं एवं माईन वाटर है। जल स्त्रोत (कुएं) की गहराई 20 से 25 मीटर है। वर्षाकाल में जलस्तर में 03 मीटर की बढ़ोतरी होती है। माईनेबल रिजर्व 1,20,050 घनमीटर एवं जियोलॉजिकल

रिजर्व 2,04,000 घनमीटर है। बेंच की ऊंचाई 3.0 मीटर तथा चौड़ाई 3.0 मीटर बताई गई है। खदान की अधिकतम गहराई 15.0 मीटर बताई गई है। पत्थर (गिट्टी) उत्खनन हेतु ब्लास्टिंग किया जावेगा। पत्थर का उपयोग मुख्यतः शासकीय सड़क निर्माण में किया जायेगा। ग्राम पंचायत चुरेली जनपद पंचायत कोटा एवं वनमण्डलाधिकारी मरवाही, वनमण्डल पेण्ड्रारोड (छ.ग.) बिलासपुर का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रेषित किया गया है। कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) बिलासपुर के पत्र दिनांक 17/03/2015 के अनुसार 500 मीटर की परिधि में कोई भी स्वीकृत / संचालित खदान नहीं है।

समिति द्वारा तत्समय यह भी नोट किया गया कि प्रस्तुतीकरण के दौरान आवेदन में उल्लेखित तथ्यों तथा प्रस्तुतीकरण में बताये गये तथ्यों में भिन्नता है। फलस्वरूप परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान फार्म–1, प्री–फीजिबिलिटी रिपोर्ट, एवं अन्य दस्तावेज में सुधार कर माईनिंग विभाग द्वारा जारी लेटर ऑफ इंडेन्ट (एलओआई) सहित दस्तावेज / जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु समय देने का अनुरोध किया गया।

समिति द्वारा तत्समय निर्णय लिया गया कि संशोधित फार्म–1, प्री–फिजिबिलिटी रिपोर्ट, पर्यावरणीय प्रबंधन योजना, बेंच की ऊंचाई एवं चौड़ाई का टेक्नीकल जस्टिफिकेशन, माईनिंग विभाग द्वारा जारी लेटर ऑफ इंडेन्ट (एलओआई) एवं अनुमोदित उत्खनन योजना में उल्लेख अनुसार खनिज के उत्खनन हेतु आवेदन परियोजना प्रस्तावक से प्राप्त होने पर प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किया जावे।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के 167वीं बैठक दिनांक 16/09/2015 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 26/09/2015 को वांछित जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

एस.ई.ए.सी, छत्तीसगढ़ की 169वीं बैठक दिनांक 08/10/2015 में प्रकरण पर विचार किया गया। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत अनुमोदित उत्खनन योजना 03 वर्ष की अवधि हेतु अनुमोदित की गई है। विचार विमर्श उपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्ताकव द्वारा खनिज साधन विभाग से गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों में खदान की न्युनतम लीज अवधि बाबत् जानकारी लेकर समिति को उपलब्ध करावें। तद्नुसार प्रकरण आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावे।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जावे।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

(धीरेन्द्र शर्मा)
अध्यक्ष,
राज्य स्तर विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति,
छत्तीसगढ

(रेजीना टोप्पो)
सचिव,
राज्य स्तर विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति,
छत्तीसगढ

सरपंच, ग्राम पंचायत बालेंगा
को खसरा नं. 01 एवं 291, कुल लीज क्षेत्र 6.81 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत बालेंगा, ग्राम–बालेंगा, तहसील–जगदलपुर, जिला–बस्तर, (छ.ग.) में मारकंडे नदी से रेत उत्खनन क्षमता–68,000 घन मीटर/वर्ष हेतु प्रस्तावित पर्यावरण स्वीकृति मे दी जाने वाली शर्तें

1. यह पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से दो वर्ष तक की अवधि हेतु वैध है। उत्खनन किये जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुर्नभरण संबंधी अध्ययन एवं तत्संबंधी आंकड़ों सहित गाद अध्ययन (सिल्टेशन स्टडी) रिपोर्ट 1.5 वर्ष की अवधि के भीतर प्रस्तुत करेगा। इस अध्ययन रिपोर्ट में यह पुष्टि किया जाना आवश्यक होगा कि रेत उत्खनन किये जाने वाले क्षेत्र में उत्खनित मात्रा से अधिक प्रतिवर्ष रेत का पुर्नभरण वर्षाकाल में होता है तथा रेत उत्खनन गतिविधीयों से नदी एवं पर्यावरण पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। उक्त गाद अध्ययन (सिल्टेशन स्टडी) रिपोर्ट प्रस्तुत करने के पश्चात ही आगामी अवधि के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने पर विचार किया जावेगा।

2. यदि खदान खनिज विभाग द्वारा अधिसूचित किसी क्लस्टर में है, तो पर्यावरण स्वीकृति मान्य नहीं होगी।

3. उत्खनन क्षेत्र 6.81 हेक्टेयर से अधिक नहीं होगा। इसी प्रकार खदान से रेत का अधिकतम उत्खनन 68,000 घन मीटर/वर्ष से अधिक नहीं होगा।

4. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश दिनांक 24/12/2013 अनुसार रेत की खुदाई एवं भराई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जावेगी। इस प्रयोजन के लिये किसी उपकरण संयंत्र (Machinery) आदि का उपयोग नही किया जायेगा, ताकि रेत उत्खनन के कारण नदी तल/नदी बेसिन की मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित न हो ।

5. रेत का उत्खनन केवल चिन्हीत, सीमांकित एवं घोषित क्षेत्र मे ही किया जावेगा। रेत उत्खनन की अधिकतम गहराई 01 मीटर अथवा वर्तमान जल स्तर की उपरी स्तह, दोनो मे से जो कम हो, से अधिक नही होगी। रेत का उत्खनन किसी भी परिस्थिति में जल स्तर के नीचे नही किया जावेगा। न्यूनतम 02 मीटर मोटाई तक की रेत नदी तल (हार्ड रॉक) के उपर छोड़ा जाना आवश्यक है।

6. रेत उत्खनन नदी तटों से कम से कम 10 मीटर की दूरी छोडकर ही किया जावें, जिससे नदी तटों का क्षरण न हो एवं इस पर नियंत्रण रखा जा सकें साथ ही किसी भी पुलिया, स्टापडेम, बांध, एनीकट, जल प्रदाय व्यवस्था एवं अन्य स्थायी संरचनाओं से न्यूनतम 100 मीटर दूरी का सुरक्षित क्षेत्र छोडा जाना अनिवार्य है।

7. यह सुनिश्चित किया जावे कि रेत उत्खनन के कारण नदी जल का वेग, टर्विडिटी एवं जल बहाव के स्वरूप पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े।

8. यह सुनिश्चित किया जावे कि उत्खनन क्षेत्र अथवा उसके आस–पास के क्षेत्र पर कोई भी जीव – जन्तु प्रजनन हेतु निर्भर न हो। कछुओं के प्रजनन इकाईयों / क्षेत्रों का संरक्षण आवश्यक है, अतः इन क्षेत्रों के आस पास रेत उत्खनन नही किया जावे।

9. रेत उत्खनन दिन के समय ही किया जावे। रेत की खुदाई एवं भराई का कार्य रात्रि के समय नही किया जावे।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा विभिन्न प्रभागों यथा लोडिंग / अनलोडिंग आदि से उत्पन्न होने वाले फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु उपयुक्त वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाएं जैसे जल छिडकाव अथवा अन्य उपयुक्त व्यवस्था की जावे। रेत उत्खनन क्षेत्र में परिवेशीय वायु की गुणवत्ता भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जल वायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मानकों से अधिक नही होनी चाहिये।

11. रेत उत्खनन के विभिन्न स्त्रोतों से उत्पन्न फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन का नियंत्रण प्रभावी एवं नियमित रूप से किया जावे। पहुॅच मार्ग एवं अन्य डस्ट उत्सर्जन बिन्दुओं पर जल छिडकाव की व्यवस्था किया जाकर इसका सतत संचालन /संधारण सुनिश्चित किया जावे।

12. रेत का परिवहन तारपोलिन अथवा अन्य उपयुक्त माध्यम से ढ़के हुये वाहन से किया जावे, ताकि रेत वाहन से बाहर नहीं गिरे। खनिज का परिवहन कर रहे वाहनों को क्षमता से अधिक नहीं भरा जाना सुनिश्चित किया जावे।

13. उत्खनन क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण न हो, यह सुनिश्चित किया जाये।

14. **प्राथमिकता के आधार पर खदान प्रबंधन द्वारा वर्ष 2015 में नदीतट के कटाव को रोकने हेतु कम से कम 200 नग प्रति हेक्टेयर लीज क्षेत्र के अनुसार अर्जुन, जामुन, बड़, पीपल, नीम, करंज, सीसू, आम, इमली, सीरस आदि अन्य स्थानीय प्रजातियों के 1362 पौधों का रोपण नदी तट पर किया जावे। रोपण को सुरक्षित रखने के लिये उपयुक्त एवं पर्याप्त व्यवस्था (यथा कांटेदार तार के बाड़ अथवा ट्री गार्ड का उपयोग) किया जावे। नदी तट पर स्थल उपलब्ध नहीं होने की दशा में संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हीत क्षेत्र में उपरोक्तानुसार वृक्षारोपण किया जावे।**

15. परियोजना प्रस्तावक संबंधित केन्द्र / राज्य शासन के विभागों, मण्डलों एवं अन्य संस्थानों से रेत उत्खनन आरंभ करने के पूर्व आवश्यक सभी अनुमतियां प्राप्त करेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु समय–समय पर केन्द्र/राज्य सरकार, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड / छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा जारी निर्देशों / मार्गदर्शिका का पालन सुनिश्चित किया जावे।

16. छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015, राज्य शासन द्वारा रेत उत्खनन हेतु जारी अधिसूचना दिनॉक 2/3/2006 के प्रावधानों/शर्तो एवं तद्नुसार जारी दिशा

निर्देशों, अनुमोदित उत्खनन योजना एवं पर्यावरणीय प्रबंधन योजना का पालन सुनिश्चित किया जावे।

17. कार्य स्थल पर यदि केम्पिंग श्रमिक कार्य पर लगायें जाते है तो ऐसे श्रमिकों के आवास उचित व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जावेगी। आवासीय व्यवस्था अस्थायी संरचनाओं के रूप मे हो सकती है, जिसे परियोजना पुरी होने के पश्चात हटाया जा सके।

18. श्रमिकों के लिए खनन स्थल पर स्वचछ पेयजल चिकित्सकीय सुविधा, मोबाइलटायलेट आदि की व्यवस्था परियोजना प्रस्तावक द्वारा की जावें।

19. श्रमिकों का समय–समय पर आक्यूपेशनल हेल्थ सर्विलेंस कराना आवश्यक है।

20. उत्खनन की तकनीक, कार्य क्षेत्र एवं अनुमोदित उत्खनन योजना के अनुरूप वार्षिक योजना में किसी भी प्रकार का परिवर्तन एस.ई.आई.ए.ए, छत्तीसगढ / पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना नही किया जावे।

